राजकीय महाविद्यालय शिवनगर कांगड़ा
संगीत विभाग

सत्र 2023-2024

किसी भी लोक संस्कृति का आईना उसका लोक संगीत होता है जिससे उस विशेष प्रदेश के मानव के सहज भावों की अभिव्यक्ति उस विशेष लोक संस्कृति में व्याप्त लोक संगीत के द्वारा होती है। हिमाचल प्रदेश जिस तरह से खूबसूरत है उतने ही खूबसूरत यहां के मानव के कंठ में समाए यहां के लोक गीत। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के संगीत विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सत्र 2023-2024 में विद्यार्थियों को हिमाचल के लोक गीत और लोक नृत्य के सूक्ष्म तत्वों पर विचार - विमर्श के साथ विभिन्न कार्य किए गए । जिसके अंतर्गत चुने हुए छात्रों को विभिन्न लोकगीतों को सिखाया गया । इसके साथ -साथ कांगड़ा के प्रमुख लोक नृत्य झमाकड़ा को सिखाया गया। इन सभी का प्रयोग बच्चों ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 2023 - 2024 में किया। लोक गीतों की सीखी हुई इस प्रतिभा का प्रयोग बच्चों ने 10 अक्टूबर 2023 को महाराजा संसार चंद स्मारक उत्कृष्ट महाविद्यालय थुरल द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय लोक गीत एवं काव्य पाठ प्रतियोगियता के अंतर्गत किया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लोक गीत गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत पायल बी. कॉम प्रथम वर्ष एवं विवेक बी. ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार से यह छोटे- छोटे प्रयास लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के रुप में वर्ष 2023-2024 में किए गए और आगे भी भविष्य में किए जाएंगे।

वार्षिक पारितोषिक वितरण
सत्र:-

Incharge:

Dr. Ujwal Singh
A.P Music

Principal
GDC Shivnagar